पंजाब केसरी 27/08/2025

# छात्रों में संस्कृति और विरासत के प्रति गहरी समझ विकसित करेगा ग्रामीण पर्यटन : डा. रोहित दत्त

## गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा' विषय पर हुई इंट्रा कॉलेज रील/ब्रोशर प्रतियोगिता



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 26 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एपैक्स एस.डी.जी. चैंपियन 2025 के अंतर्गत मास कम्युनिकेशन और वीडियो प्रोडक्शन विभाग द्वारा 'ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना' विषय पर इंट्रा कॉलेज रील/ब्रोशर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को रचनात्मकता और नवाचार के साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं। ग्रामीण पर्यटन न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि छात्रों में संस्कृति, विरासत और अपने परिवेश के प्रति गहरी समझ भी विकसित करेगा। इस तरह की परियोजनाएं छात्रों में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, प्रस्तुति कौशल और तकनीकी दक्षता जैसे गुणों को भी बढ़ावा देती हैं, जो उनके पेशेवर जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि उनके कॉलेज के छात्र डिजिटल मीडिया और वीडियो प्रोडक्शन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और उनकी रचनात्मक सोच व सामाजिक संवेदनशीलता देखकर कॉलेज परिवार को गर्व की अनुभूति हो रही है।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने वाली डा. अमिता ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन के महत्व से जोड़ना और इस दिशा में सकारात्मक सोच विकसित करना था, जो पूरी तरह सफल रहा। प्रतियोगिता में महक ने प्रथम, इशिका ने द्वितीय और निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।